राजस्व अपील संख्या 129/2023

अनवान

जोधाराम वगैराह बनाम राज0 सरकार जरिये तहसीलदार ओसिया

दिनांक 18–04–2023

उक्त अपील अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, ओसिया, जिला जोधपुर के द्वारा राजस्व मुकदमा संख्या 508/2021 अनवान सरकार बनाम जोधाराम वगैराह मे पारित निर्णय दिनांक 17.12.2021 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है। अपील के साथ स्थगन प्रार्थना पत्र भी प्रस्तुत किया हुआ होने से अपीलांट अधिवक्ता की स्थगन प्रार्थना पत्र पर बहस सुनी गई तथा अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित किये गये अपीलाधीन आदेश दिनांक 17–12–2021 का अवलोकन किया एवं पत्रावली के साथ प्रस्तुत दस्तावेजात आदि का भी अध्ययन किया तथा अपीलांट अधिवक्ता द्वारा चाही गई इस्तदुआ पर भी मनन किया।

परिणामस्वरूप अपीलांट की उक्त अपील को आंशिक स्वीकार करते हुए तहसीलदार ओसियॉ अपीलांट/हितबद्ध पक्षकारो को नोटिस जारी कर तामिली पश्चात उनकी उपस्थिति मे मौका निरीक्षण करें। वक्त मौका निरीक्षण संबंधित पक्षकारो/हितबद्ध लोगो की उपस्थिति मे तहसीलदार ओसियॉ मौका रिपोर्ट व मौका नक्शा तैयार किया जावे। तत्पश्चात उपखण्ड अधिकारी, ओसियॉ उक्तानुसार तैयार मौका रिपोर्ट व मौका नक्शा तथा अपीलांट/हितबद्ध पक्षकारो की सुनवाई पश्चात प्रकरण का विधिवत निस्तारण करें, साथ ही अगर आवश्यक हो तो पुनः विधिसम्मत निर्णय पारित करें। उक्त निर्देशो के साथ हस्तगत अपील का निस्तारण किया जाता है। पत्रावली फेसलशुमार होकर नंबर से कम हो। निर्णय आज खुले न्यायालय लिखाया जाकर सुनाया गया ।

अति० संभागीय आयुक्त,
जोधपुर